an>

Title: Need to start inland water way from Deoria in Uttar Pradesh to Haldia in West Bengal.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): उत्तर प्रदेश में देवरिया जनपद के बरहज बाजार से घाघरा नदी से होकर बलिया जनपद में गंगा नदी से होते हुए हल्दिया तक जल परिवहन के माध्यम से व्यापार होता था। बरहज बाजार तथा मेरे संसदीय क्षेत्र का सीयर बाजार प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है जो घाघरा नदी के किनारे स्थित है। यह नदी बलिया में गंगा नदी से मिलती है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह बरहज बाजार से हल्दिया तक पुनः जल परिवहन प्रारंभ करावे।